# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Mail-registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 893-96/ परीक्षा 04 / MSU / 2022–23 दिनांकः 08/07/2022

सेवा में,

**अनुस्मारक प्रथम**

प्राचार्य / प्राचार्या / वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष
समस्त परीक्षा केन्द्र (वार्षिक परीक्षा–2022)
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय
सहारनपुर,

**विषयः– विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 20.06.2022 से आयोजित संस्थागत / व्यक्तिगत B.Ed., BFA/ B.Sc.(Biotechnology) /B.Sc. Hon's (Biotechnology)/ B.Sc. (Microbiology)/ B.Sc. Hon's (Microbiology)/ B.Sc (PE, HE & SPORTS)/ B.A. B.Ed./ B.El.Ed., एवं B.P.Ed. पाठ्यकमो की परीक्षाओं हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रो पर लगायें गऐ सी0सी0टी0वी0(ओडियो सहित) के 20.06.2022 से 18.07.2022 परीक्षा दिवसों का recorded video data pen drive में save करके विश्वविद्यालय को दिनांक 19.07.2022 को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्रांकः 791–94 / परीक्षा–04 / MSU / 2022–23 दिनांक 22.06.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे जिसके माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या –1043 / सत्तर–1–2022–16(9) / 2018 दिनांक 08 अप्रैल, 2022 के प्रस्तर 02 एवं 03 के द्वारा प्रदान किये गये दिशा–निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय के परीक्षा केन्द्रो के परीक्षा कक्षो में आगे व पीछे की ओर से सी0सी0टी0वी0 कैमरे (वॉइस रिकॉर्डर सहित) लगवाये जाने तथा डी0वी0आर0 लिंक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। तत्क्रम में कतिपय परीक्षा केन्द्रो द्वारा उपलब्ध कराये गये डी0वी0आर0 लिंक या तो खुल नही पा रहे थे या परीक्षा के समय अनेक प्रकार की तकनीकी समस्याओ से अवगत कराया जा रहा था। जिसके दृष्टिगत आपसे परीक्षा तिथियों में परीक्षा काल की परीक्षा कक्षों की पाँच–पाँच दिवसों की वीडियो रिकार्डिंग उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी जो अद्यतन भी प्राप्त नहीं कराई गयी है। यह परिस्थिति उचित नहीं हैं।

अतः शासनादेश दिनांक 08.04.2022 के अनुपालनार्थ आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने परीक्षा केन्द्र पर दिनांक 20.06.2022 से 18.07.2022 तक सम्पन्न हुई समस्त परीक्षा तिथियों में केवल परीक्षा कक्षो के सी0सी0टी0वी0 का recorded video data pen drive अथवा हार्डडिस्क में save करके दिनांक 19.07.2022 तक अनिवार्यतः विश्वविद्यालय के परीक्षा नियन्त्रण कक्ष सहायक श्री सचिन कुमार (मो0न0–8449844112) को विशेष वाहक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय
8-7-22
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

01. कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को सूचनार्थ।
02. परीक्षा समन्वयक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित।
03. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)